VISION IAS
INSPIRING INNOVATION

# MAINS 365 स्मरणीय तथ्य

# अंतर्राष्ट्रीय संबंध



अहमदाबाद | बेंगलुरु | भोपाल | चंडीगढ़ | दिल्ली | गुवाहाटी | हैदराबाद | जयपुर | जोधपुर | लखनऊ | प्रयागराज | पुणे | राँची



# ABHYAAS MAINS 2024

## ALL INDIA MAINS

## (GS + ESSAY + OPTIONAL)

## MOCK TEST (OFFLINE)

OFFLINE IN 40+ CITIES

### PAPER DATES

| GS-I & II | GS-III & IV | ESSAY | OPTIONAL-I & II |
|---|---|---|---|
| 24 AUG | 25 AUG | 31 AUG | 1 SEPT |

**OPTIONAL SUBJECTS:** ANTHROPOLOGY | GEOGRAPHY | HINDI | HISTORY | MATHS | PHILOSOPHY
PHYSICS | POLITICAL SCIENCE | PUBLIC ADMINISTRATION | SOCIOLOGY

- All India Percentile
- Comprehensive Evaluation
- Concrete Feedback & Corrective Measures
- Complete coverage of UPSC Mains syllabus
- Available in English/Hindi
- Live Test Discussion

Scan to Know More and Register

**Register at: www.visionias.in/abhyaas**

AHMEDABAD | BENGALURU | BHOPAL | BHUBANESWAR | CHANDIGARH | CHENNAI | CHHATARPUR (MP)
COIMBATORE | DEHRADUN | DELHI - KAROL BAGH | DELHI - MUKHERJEE NAGAR | GHAZIABAD | GORAKHPUR
GURUGRAM | GUWAHATI | HYDERABAD | INDORE | JABALPUR | JAIPUR | JAMMU | JODHPUR | KANPUR | KOCHI
KOLKATA | KOTA | LUCKNOW | LUDHIANA | MUMBAI | NAGPUR | NOIDA | ORAI | PATNA | PRAYAGRAJ | PUNE RAIPUR
RANCHI | ROHTAK | SHIMLA | THIRUVANANTHAPURAM | VARANASI | VIJAYAWADA VISAKHAPATNAM

# विषय-सूची


1. बदलती विश्व व्यवस्था की गतिशीलता . . . . . . . . . . 4
2. भारत से जुड़े और/ या भारत के हितों को प्रभावित करने वाले क्षेत्रीय एवं वैश्विक समूह और समझौते . . . . . . . 6
3. भारत और उसके पड़ोसी देशों के साथ संबंध . . . . . . . 9
4. भारत को शामिल करने वाले और/ या भारत के हितों को प्रभावित करने वाले द्विपक्षीय समूह तथा समझौते . . . . 11
5. भारत के हितों पर विकसित तथा विकासशील देशों की नीतियों और राजनीति का प्रभाव . . . . . . . . . . . . . 17
6. महत्वपूर्ण अंतर्राष्ट्रीय संस्थान, एजेंसियां और मंच, उनकी संरचना, अधिदेश. . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . 18


***प्रिय अभ्यर्थियों,***

UPSC मुख्य परीक्षा के प्रतिस्पर्धी माहौल में आपके **उत्तरों में डेटा, तथ्यों और उदाहरणों को शामिल करने के महत्त्व को कम करके नहीं आंका** जा सकता है।

ये तत्व एक आकर्षक और प्रेरक अनुक्रिया के आधार के रूप में काम करते हैं, **जो आपके उत्तर को एक सामान्य लेखन से एक बेहतर तरीके से प्रमाणित तर्क की ओर ले जाते हैं।**

आपकी सहायता के लिए, हमने VisionIAS मेन्स 365 पठन सामग्री से सार रूप में डेटा, तथ्यों और उदाहरणों का संकलन तैयार किया है। जैसा कि आप सभी को पता है **VisionIAS** मेन्स 365 पठन सामग्री करंट अफेयर्स के व्यापक कवरेज के लिए प्रसिद्ध है। यह डाक्यूमेंट उच्च-गुणवत्ता वाले डेटा, तथ्यों और उदाहरणों का एक केंद्रित स्रोत प्रदान करता है।

इस डाक्यूमेंट का लेआउट आपके **उत्तर में क्विक रेफ़्रेन्स और तथ्यों आदि के आसान समेकन के लिए डिज़ाइन** किया गया है।

इस सार रूपी जानकारी का लाभ उठाने से **आपको अधिक अंक प्राप्त करने के लिए जरूरी व्यापक, सूचनात्मक और आकर्षक उत्तर तैयार करने** में मदद मिलेगी।

मेन्स 365 डाक्यूमेंट्स को डाउनलोड करने के लिए दिए गए QR कोड को स्कैन कीजिए

स्मार्ट क्वालिटी कंटेंट को प्राप्त करने के लिए दिए गए QR कोड को स्कैन कीजिए

# बदलती विश्व व्यवस्था की गतिशीलता (Dynamics Of Changing World Order)

## भारत की आर्थिक कूटनीति

- आर्थिक कूटनीति विदेश नीति का एक साधन है जिसमें देश के **आर्थिक, राजनीतिक और रणनीतिक हितों की पूर्ति** के लिए **अंतर्राष्ट्रीय संबंधों के परिचालन में आर्थिक साधनों का उपयोग** किया जाता है।
- **2008 - 2020:** भारत ने विभिन्न विकास समझौतों के तहत अनुदान और ऋण के रूप में **लगभग 8.35 बिलियन अमेरिकी डॉलर** का वितरण किया।
- उदाहरण के लिए, ITEC, भारत-संयुक्त राष्ट्र विकास कोष, मॉरीशस के अगलेगा (Agaléga) में एक हवाई पट्टी का निर्माण।

## भू-राजनीति में प्रौद्योगिकी की भूमिका

- **भारतीय पहल: डिजिटल कूटनीति** (नेपाल द्वारा UPI मानकों को अपनाना); **अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी** {सार्क (SAARC) के सदस्यों के लिए GSAT-9 उपग्रह लॉन्च किया}; **ऊर्जा कूटनीति** {'वन सन वन वर्ल्ड वन ग्रिड (OSOWOG)', अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (ISA)}

## आपदा राहत कूटनीति

- **आपदा राहत कूटनीति से तात्पर्य 'प्राकृतिक/ मानव जनित आपदाओं या संघर्षों से प्रभावित अन्य देशों को सहायता और समर्थन प्रदान करने के लिए एक देश के प्रयासों'** से है। **"ओस्लो दिशा-निर्देश"** संयुक्त राष्ट्र की मानवतावादी एजेंसियों के लिए किसी देश को मानवीय सहायता प्रदान करने के मार्गदर्शक सिद्धांत निर्धारित करते हैं।
- **भारत की पहलें: तुर्किये में आए भूकंप** के बाद **'ऑपरेशन दोस्त'** शुरू किया, **चक्रवात प्रभावित म्यांमार** की सहायता के लिए भारत ने **'ऑपरेशन करुणा', मॉरीशस और कोमोरोस में दवाओं की आपूर्ति तथा चिकित्सा सहायता दलों** को भेजना।

## पैराडिप्लोमेसी

- यह गैर-केंद्रीय सरकारों की विदेश नीति क्षमता और अंतर्राष्ट्रीय क्षेत्र में केंद्र सरकार से स्वतंत्र उनकी भागीदारी को इंगित करती है। इसके लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर औपचारिक एवं अनौपचारिक संपर्क स्थापित किए जाते हैं।
- **पहलें: सिस्टर-सिटी की अवधारणा**–मुंबई और हो ची मिन्ह सिटी, (वियतनाम); चेन्नई और ग्वांगझोउ सिटी (चीन)।

## भारत की सामरिक स्वायत्तता

- सामरिक स्वायत्तता का मतलब है महत्वपूर्ण नीतिगत क्षेत्रों में, विशेषकर बड़े शक्तिशाली देशों के दबाव से स्वतंत्र होकर निर्णय लेने की क्षमता।
- उदाहरण के लिए- भारत 'दो-राष्ट्र समाधान' का समर्थन करता है; भारत ने मानवाधिकार परिषद में श्रीलंका पर वोटिंग में हिस्सा नहीं लिया; रूस से कच्चा तेल खरीदना।

## भारत: द वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ

- ग्लोबल साउथ शब्द सामान्यत: **विकासशील, अल्प विकसित या अविकसित देशों** को व्यक्त करता है।
- **पहलें:** वैक्सीन मैत्री पहल; भारत की पहल पर ही अफ्रीकी संघ को G20 का स्थायी सदस्य बनाया गया; दूसरे "वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ समिट (VOGSS)" की मेजबानी की।
- **बहुपक्षीय मंचों के लिए निर्मित अपने 5 स्तंभों वाले दृष्टिकोण:** सम्मान, संवाद, सहयोग, शांति और समृद्धि।

## विश्व को एकजुट करने वाले देश के रूप में भारत

- भारत अध्यक्षता के तहत G20 के शिखर सम्मेलन की थीम थी- **"वसुधैव कुटुंबकम्- एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य"।**
- **विश्व को एकजुट करने वाले देश के रूप में भारत:** मिशन लाइफ (LiFE), ISA, GBA, VOSS

## भारत और विकासात्मक सहयोग

- **विकासात्मक सहयोग में भारत द्वारा किए गए प्रयास:** सहायता अनुदान, क्रेडिट लाइन; दक्षिण-दक्षिण सहयोग (SSC); विकास साझेदारी प्रशासन (DPA)
- **भारत के कुल बजट के 1% से भी कम**
- **पहलें:** IREC कार्यक्रम, भारत की ओर से सहायता मिशन, नेस्ट प्रभाग, इथियोपिया को बेहतर गुणवत्ता वाले जर्मप्लाज्म प्रदान किए गए।

## सॉफ्ट पॉवर और सांस्कृतिक कूटनीति

- **सॉफ्ट पावर:** गैर-आक्रामक साधनों का उपयोग करके अपील और आकर्षण के माध्यम से दूसरों को प्रभावित करने की क्षमता है।
- **सांस्कृतिक कूटनीति:** "देशों और लोगों के बीच विचारों, सूचनाओं, कला, भाषा और संस्कृति के अन्य पहलुओं का आदान-प्रदान" है ताकि आपसी समझ को बढ़ावा दिया जा सके।

## भारतीय डायस्पोरा

- दुनिया में निवास करने वाले प्रवासियों में **सर्वाधिक संख्या भारत के प्रवासियों** की है। इसमें **31 मिलियन से अधिक लोग शामिल हैं जिसमें 13 मिलियन से अधिक NRIs और 18 मिलियन PIOs** हैं।
- भारत को 2022 में 111 बिलियन डॉलर से अधिक विप्रेषण प्राप्त हुआ। भारत **100 बिलियन डॉलर वार्षिक विप्रेषण (रेमिटेंस)** प्राप्त करने वाला विश्व का पहला देश बन गया।

## भारत में विप्रेषण

- **दुनिया में विप्रेषण का सबसे बड़ा प्राप्तकर्ता:** भारत को 2023 में लगभग 125 बिलियन डॉलर का विप्रेषण प्राप्त हुआ।
- **स्रोत देश:** अमेरिका, UK और सिंगापुर (उच्च कुशल प्रवासी) से आने वाला विप्रेषण **कुल विप्रेषण का 36%** है।

## सामरिक उपकरण के रूप में क्रूड ऑयल

- भारत **तेल का तीसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता** देश था।
- भारत दुनिया का **चौथा सबसे बड़ा रिफाइनर, पेट्रोलियम उत्पादों का छठा सबसे बड़ा आयातक है।**
- **पेट्रोलियम उत्पादों का सातवां सबसे बड़ा निर्यातक** है।

## बंदरगाहों का भू-राजनीतिक महत्त्व

- **सामरिक रूप से स्थित बंदरगाह:** अगलेगा द्वीप (मॉरीशस); सितवे बंदरगाह (म्यांमार); दुकम बंदरगाह (ओमान)




# भारत से जुड़े और/ या भारत के हितों को प्रभावित करने वाले क्षेत्रीय एवं वैश्विक समूह और समझौते (REGIONAL, AND GLOBAL GROUPINGS AND AGREEMENTS INVOLVING INDIA AND/OR AFFECTING INDIA'S INTEREST)

## भारत और G20

- **G-20 की उत्पत्ति:** इसका गठन **1999 में एशियाई वित्तीय संकट** के बाद किया गया था।
- **प्रतिनिधित्व:** वैश्विक GDP का 85%, वैश्विक व्यापार का 75% तथा वैश्विक आबादी का 2/3

## अफ्रीकी संघ: G20 का एक स्थायी सदस्य

- **उत्पत्ति:** इसे 2002 में ऑर्गेनाइजेशन ऑफ अफ्रीकन यूनियन (OAU, 1963-1999) की जगह स्थापित किया गया था।
- इस समूह के सदस्य देशों की कुल आबादी 1.4 अरब और GDP 3 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर है।
- अफ्रीका में **विश्व के 60% नवीकरणीय ऊर्जा संसाधन** मौजूद हैं। साथ ही, नवीकरणीय और निम्न-कार्बन प्रौद्योगिकियों के लिए महत्वपूर्ण **30% से अधिक खनिज संसाधन** विद्यमान हैं।

## भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा (IMEC)

- IMEC में **रेलमार्ग, जहाज-रेल पारगमन नेटवर्क (सड़क और समुद्र) तथा सड़क परिवहन मार्ग (व नेटवर्क)** शामिल होंगे। **इसमें दो गलियारे शामिल हैं:**
  - **पूर्वी गलियारा:** यह **भारत को अरब की खाड़ी** से जोड़ेगा।
  - **उत्तरी गलियारा:** यह **अरब की खाड़ी को यूरोप** से जोड़ेगा।
- **देश:** अमेरिका, भारत, सऊदी अरब, यूएई, फ्रांस, जर्मनी, इटली और यूरोपीय आयोग।




## ग्लोबल बायोफ्यूल अलायन्स (GBA)

- **लॉन्च में शामिल देश:** भारत, सिंगापुर, बांग्लादेश, इटली, अमेरिका, ब्राजील, अर्जेंटीना, मॉरीशस और संयुक्त अरब अमीरात।
- **GBA के वर्तमान सदस्यों में शामिल हैं-** 24 देश और 12 अंतर्राष्ट्रीय संगठन।

## ब्रिक्स का विस्तार

- **पांच नए सदस्य:** मिस्र, इथियोपिया, ईरान, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात
- **प्रतिनिधित्व:** वैश्विक व्यापार के 16%, वैश्विक GDP का 24%, वैश्विक जनसंख्या के 41% का प्रतिनिधित्व करता है।
- **ब्रिक्स द्वारा शुरू की गई महत्वपूर्ण पहलें:**
  - ब्रिक्स देशों ने 2014 में **न्यू डेवलपमेंट बैंक (NDB)** को संस्थागत रूप दिया।
  - सदस्यों को अल्पकालिक तरलता सहायता प्रदान करने के लिए ब्रिक्स ने **आकस्मिक आरक्षित व्यवस्था (CRA)** की शुरुआत की है।
  - संक्रामक रोगों की रोकथाम और नियंत्रण हेतु टीकों के लिए **ब्रिक्स अनुसंधान एवं विकास केंद्र** की स्थापना की गई है।

## भारत और हिंद-प्रशांत

- **वैश्विक व्यापार का 50% और तेल का 40% हिस्सा** हिंद-प्रशांत क्षेत्र से गुजरता है। **भारत का 90 प्रतिशत व्यापार** इस क्षेत्र से होता है। इसमें 80 प्रतिशत महत्वपूर्ण माल ढुलाई-कोयला, पेट्रोलियम और गैस, लौह अयस्क, उर्वरक आदि शामिल हैं।
- **भारत समर्थक है: स्वतंत्र, खुले एवं समावेशी क्षेत्र का।**
- **भारत की नीति:** सुरक्षा प्रदाता एवं प्रथम प्रत्युत्तरकर्ता; सूचना प्रबंधन और विश्लेषण केंद्र (IMAC) जैसे संस्थानों के माध्यम से समुद्री डोमेन जागरूकता (MDA); विदेश मंत्रालय के तहत अलग इंडो-पैसिफिक डिवीजन (IPD), सागर मिशन

## इंडो-पैसिफिक इकोनॉमिक फ्रेमवर्क फॉर प्रॉस्पेरिटी (IPEF)

- इसे मई 2022 में **टोक्यो** में लॉन्च किया गया था। इसे **संयुक्त राज्य अमेरिका और हिंद-प्रशांत क्षेत्र के अन्य भागीदार** देशों ने संयुक्त रूप से लॉन्च किया था।
- **सदस्य:** IPEF के **14 भागीदार** देश है। इनमें **भारत** भी शामिल है।
  - IPEF के भागीदार देशों की **वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद में 40% और वैश्विक वस्तु एवं सेवा व्यापार में 28% की हिस्सेदारी** है।
- **IPEF के चार स्तंभ हैं:** (I) जुड़ी हुई अर्थव्यवस्था (व्यापार); (II) मजबूत और लचीली अर्थव्यवस्था (आपूर्ति श्रृंखला); (III) पारदर्शी अर्थव्यवस्था और (IV) निष्पक्ष अर्थव्यवस्था। भारत IPEF के **तीन स्तंभों में तो शामिल** हो गया है, लेकिन **व्यापार स्तंभ से बाहर है।**

## शंघाई सहयोग संगठन (SCO)

- यह वर्ष 2001 में स्थापित एक **स्थायी अंतर-सरकारी राजनीतिक, आर्थिक और सैन्य संगठन** है।
- **SCO प्रतिनिधित्व करता है:**
  - **यूरेशियाई क्षेत्र – 60%**
  - **वैश्विक आबादी – 42%**
  - **वैश्विक GDP – 25%**
- भारत **2017 में SCO का स्थायी सदस्य बना।**

## क्वाड (QUAD)

- क्वाड **समान विचारधारा वाले चार देशों का एक बहुपक्षीय अनौपचारिक मंच** है। इसमें **संयुक्त राज्य अमेरिका, भारत, ऑस्ट्रेलिया** और **जापान** शामिल हैं।
- यह एक ऐसे **खुले, स्वतंत्र और समावेशी हिंद-प्रशांत** (Indo-Pacific) का समर्थन करता है, जो **समृद्ध और मजबूत** हो।
- **पहल:** स्वच्छ ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला पहल (Clean Energy Supply Chains Initiative); क्वाड क्लाइमेट चेंज एडेप्टेशन एंड मिटिगेशन पैकेज (Q-CHAMP); ओपन रेडियो एक्सेस नेटवर्क (Open RAN); क्वाड इन्वेस्टर्स नेटवर्क (QUIN); क्वाड पार्टनरशिप फॉर केबल कनेक्टिविटी एंड रेसिलिएंस

## भारत-आसियान

- आसियान भारत का **चौथा सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार है।**
- **आसियान में शामिल हैं:** भारत के वैश्विक व्यापार में आसियान के साथ किए गए व्यापार का हिस्सा 11.3 प्रतिशत था, भारत के बाहरी निवेश का 20% से अधिक आसियान देशों को जाता है।
- **भारत-आसियान व्यापार:** 122.67 बिलियन डॉलर (2023-24)

## राष्ट्रमंडल

- भारत **राष्ट्रमंडल का सबसे बड़ा सदस्य** देश है।
- भारत राष्ट्रमंडल में **चौथा सबसे बड़ा योगदानकर्ता** देश है।
- भारत ने **नई दिल्ली में 1983 में राष्ट्रमंडल शिखर सम्मेलन (CHOGM)** और 2010 में **राष्ट्रमंडल खेलों** की मेजबानी की थी।

## गुटनिरपेक्ष आंदोलन

- साउथ सूडान NAM का नया सदस्य (121वां) बन गया है।
- **उत्पत्ति:** इसकी उत्पत्ति **1955 में बांडुंग (इंडोनेशिया) में आयोजित एशिया-अफ्रीका सम्मेलन** से मानी जाती है।
- **आंदोलन के संस्थापक:** मिस्र, घाना, भारत, इंडोनेशिया और यूगोस्लाविया के राष्ट्राध्यक्ष।

# भारत और उसके पड़ोसी देशों के साथ संबंध (INDIA AND ITS NEIGHBOURHOOD RELATIONS)

## भारत की नेबरहुड फर्स्ट पॉलिसी (NFP)


- **नेबरहुड फर्स्ट पॉलिसी को 2008** में विदेश नीति के एक उपकरण के रूप में अपनाया गया था।
- **पड़ोसी देशों के साथ जुड़ाव के लिए "5-सिद्धांत": सम्मान** (Respect); **संवाद** (Dialogue); **शांति** (Peace); **समृद्धि** (Prosperity); **संस्कृति** (Culture)

## चीन का उदय और भारत के लिए खतरा

- **खतरा:** लद्दाख में चीनी घुसपैठ; CPEC; चीन का रक्षा बजट 222 बिलियन डॉलर है, जबकि भारत का 75 बिलियन डॉलर; UFWD; बढ़ता व्यापार घाटा ($99 बिलियन); हंबनटोटा बंदरगाह।
- **इन खतरों को कम करने के लिए भारत के प्रयास:** चीनी सेना का डटकर सामना करना; IPOI; क्वाड; टिकटॉक पर प्रतिबंध लगाना; AU को G20 में शामिल करना।
- **वैश्विक मंच पर चीन का प्रतिस्पर्धात्मक रुख:** अमेरिका के साथ व्यापार युद्ध; प्रशांत द्वीप समूह का प्रभाव; दक्षिण चीन सागर विवाद; हांगकांग में विरोध प्रदर्शन; ताइवान के साथ तनाव; बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (BRI) को लेकर आलोचनाएं; अफ्रीका के संबंध में ऋण चिंताएँ।

## भारत-चीन सीमा विवाद

- **चीन ने मई 2024 में अरुणाचल प्रदेश में 30 स्थानों का नाम बदल दिया है, जिसे वह 'दक्षिण तिब्बत' कहता है।**
- भारत के अनुसार **LAC की लंबाई 3,488 कि.मी. है, जबकि चीन इसे लगभग 2,000 कि.मी.** ही मानता है।




## सिंधु जल संधि

- **उत्पत्ति:** IWT पर **1960 में भारत और पाकिस्तान ने हस्ताक्षर** किए थे। इस संधि के लिए **विश्व बैंक ने मध्यस्थता** की थी। इसके अलावा, **विश्व बैंक** इस संधि में एक **हस्ताक्षरकर्ता** भी है।
- **IWT में जल उपयोग संबंधी अधिकारों के लिए प्रावधान:**
  - **पूर्वी नदियों- सतलज, ब्यास और रावी** का पूरा जल **भारत को आवंटित** किया गया है। साथ ही, **भारत इन नदियों के जल का बिना किसी रोक के उपयोग** कर सकता है।
  - **पश्चिमी नदियों- सिंधु, झेलम और चिनाब** का जल **ज्यादातर पाकिस्तान को आवंटित** किया गया है।

## सीमापारीय नदी जल प्रबंधन

- **भारत और पड़ोसी देशों के बीच नदी जल सहयोग**
  - **सिंधु जल संधि (1960): भारत और पाकिस्तान** के बीच।
  - **1972 में भारत-बांग्लादेश संयुक्त नदी आयोग (JRC); भारत और बांग्लादेश के मध्य गंगा नदी जल के बंटवारे पर संधि (वर्ष 1996)**
  - **भारत-नेपाल:** कोसी नदी समझौता (वर्ष 1954), गंडक नदी समझौता (वर्ष 1959), टनकपुर बैराज समझौता (वर्ष 1991) और महाकाली नदी संधि (वर्ष 1996)
  - **भारत-चीन द्वारा जल संबंधी आंकड़ों का साझाकरण**

## भारत-नेपाल संबंध

- **भारत नेपाल का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार है। इसके अलावा नेपाल में सबसे अधिक पर्यटक भारत से जाते हैं।** वित्त वर्ष 2021-22 दोनों देशों के मध्य द्विपक्षीय व्यापार **11 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक** का रहा {पिछले वर्ष की तुलना में 41% की वृद्धि}।
- **सहयोग:** सूर्य किरण, कोसी समझौता (1954); गंडक समझौता (1959), महाकाली संधि (1996); सीमा पार पेट्रोलियम पाइपलाइन; दोनों देशों के बीच रोटी-बेटी का संबंध।

## भारत-नेपाल राज्यक्षेत्र विवाद

- भारतीय क्षेत्र **लिम्पियाधुरा, लिपुलेख और कालापानी को लेकर।**
- नेपाल और भारत के बीच सबसे बड़ा क्षेत्रीय विवाद **कालापानी** को लेकर है। यह **भारत, नेपाल और तिब्बत (चीन) के बीच एक ट्राइ-जंक्शन** पर स्थित है।
- **ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी** और **तत्कालीन नेपाली गोरखा शासकों** के बीच **1816 में सगौली की संधि** हुई थी। इस संधि में **उत्तराखंड के कुमाऊं क्षेत्र का सीमांकन किया गया था और काली नदी** को भारत और नेपाल के बीच सीमा माना गया था। काली नदी के पश्चिमी क्षेत्र को भारतीय क्षेत्र माना गया, जिसमें कुमाऊं-गढ़वाल भी शामिल हैं।

## भारत-भूटान संबंध

- भारत, **भूटान का शीर्ष व्यापारिक भागीदार है**, व्यापार संतुलन भारत के पक्ष में है। व्यापार, वाणिज्य और पारगमन समझौता (2016) के जरिए एक मुक्त व्यापार व्यवस्था स्थापित किया गया है।
- **सहयोग:** भूटान में RuPay और BHIM ऐप, भारत-भूटान SAT उपग्रह'; भूटान का गेलेफू माइंडफुलनेस सिटी (कनेक्टिविटी); ताला (जलविद्युत); MTRAT, दंतक (सुरक्षा)।

## तालिबान शासन के तहत भारत-अफगानिस्तान संबंध


- **2021 के बाद से भारत-अफगान संबंध:** भारत तालिबान शासन को मान्यता नहीं देता; काबुल में तकनीकी मिशन; भारत ने अफगान छात्रों के लिए "भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (ICCR) छात्रवृत्ति योजना"
- भारत ने **"अफगान के नेतृत्व वाली, अफगान के स्वामित्व वाली और अफगान द्वारा नियंत्रित** (Afghan-led, Afghan-owned and Afghan-controlled)" शांति प्रक्रिया के महत्त्व पर जोर दिया है।
- भारत ने **2021 में तीसरी क्षेत्रीय सुरक्षा वार्ता की मेजबानी** की थी।

## भारत के उत्तर-पूर्व में स्थित पड़ोसी देश

- भारत का **पूर्वोत्तर क्षेत्र 5,812 कि.मी. की अंतर्राष्ट्रीय सीमा** साझा करता है।
- **पहल:** एक्ट ईस्ट नीति; आसियान, ARF, EAS, बिम्सटेक, (बहुपक्षीय सहयोग), IMT, कलादान

## भारत-श्रीलंका समुद्री सीमा रेखा

- **इस समस्या के तीन परस्पर जुड़े हुए पहलू हैं:** कच्चातिवू द्वीप को लेकर दोनों देशों के बीच असहमति; श्रीलंकाई जलक्षेत्र में भारतीय मछुआरों द्वारा अवैध मत्स्यन; तथा मछली पकड़ने में उपयोग होने वाले बड़े ट्रॉलर्स (जिनसे पर्यावरण को हानि पहुंचती है)।
- **कच्चातिवू और वेज बैंक (Wadge Bank) के बारे में**
  - कच्चातिवू श्रीलंका की समुद्री सीमा रेखा के भीतर समुद्र में **285 एकड़ का एक क्षेत्र** है।
  - **वेज बैंक विश्व में मछली पकड़ने के सबसे समृद्ध जलीय क्षेत्रों में से एक है। यह कच्चातिवू द्वीप की तुलना में समुद्र में कहीं अधिक सामरिक अवस्थिति में है।**




## भारत-मालदीव संबंध

- **भारत 2023 में मालदीव के सबसे बड़े व्यापारिक भागीदार के रूप में उभरा है। भारत-मालदीव के बीच द्विपक्षीय व्यापार 2023 में लगभग 548 मिलियन अमेरिकी डॉलर था, जो मुख्यतः भारत के पक्ष में है।**
- **सहयोग:** करेंसी स्वैप एग्रीमेंट; ग्रेटर माले कनेक्टिविटी; हाई इम्पैक्ट कम्युनिटी डेवलपमेंट प्रोजेक्ट्स योजना, 1988 में तख्तापलट एवं 2004 की सुनामी के दौरान मदद की तथा दिसंबर 2014 में माले में जल संकट के दौरान सहायता {ऑपरेशन नीर (NEER)}।


## मालदीव चीन सैन्य समझौता

- मालदीव की घोषणा **"मालदीव में कोई भारतीय सैनिक नहीं रहेगा"**
- एक चीनी फर्म ने 50 साल की लीज पर फेधू फिनोल्हू नामक एक द्वीप का अधिग्रहण किया।
- बड़े पैमाने पर बुनियादी ढांचे की परियोजनाओं में निवेश, उदाहरण के लिए- 200 मिलियन डॉलर का चीन-मालदीव मैत्री पुल।

# भारत को शामिल करने वाले और/ या भारत के हितों को प्रभावित करने वाले द्विपक्षीय समूह तथा समझौते (Bilateral Grouping and Agreements Involving India and/or Affecting India)

## अब्राहम समझौता (Abraham Accords)

- **अब्राहम समझौता संयुक्त राज्य अमेरिका (USA), संयुक्त अरब अमीरात (UAE)** और **इज़रायल** के बीच एक सामूहिक समझौता है। इस समझौते पर **सितंबर, 2020** में हस्ताक्षर किए गए थे।
- यह समझौता **इज़रायल और अरब देशों के बीच संबंधों को सामान्य बनाने का प्रतीक** है। इससे पहले 1994 में जॉर्डन ने इज़रायल के साथ इस तरह के समझौते पर हस्ताक्षर किए थे।



## इज़रायल-हमास युद्ध

- **"ऑपरेशन तूफान अल-अक्सा (अल-अक्सा फ्लड)"**
- हमास ने यह हमला **योम किप्पुर युद्ध की 50वीं वर्षगांठ पर** किया है।
- **इज़रायल और अरब राष्ट्रों के बीच ऐतिहासिक शांति समझौता**
  - कैम्प डेविड समझौता (1978)
  - ओस्लो समझौता (1993)
  - जॉर्डन-इज़रायल शांति संधि (1994)
  - अरब शांति पहल (2002)
  - अब्राहम समझौता (2020)

## नागोर्नो-काराबाख क्षेत्र

- **अज़रबैजान ने इस क्षेत्र पर पूर्ण नियंत्रण हासिल कर लिया है।**
- **शांति के लिए पहल:** मिन्स्क समूह द्वारा मैड्रिड सिद्धांत।

## भारत-इजरायल संबंध

- भारत एशिया में **इज़रायल का दूसरा सबसे बड़ा और वैश्विक स्तर पर सातवाँ सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार** है। द्विपक्षीय व्यापार में हीरे का व्यापार लगभग 50% है।
- **1992 में पूर्ण राजनयिक संबंध** स्थापित हुए; भारत ने इज़रायल से **असॉल्ट राइफल, फाल्कन एयरबोर्न वार्निंग एंड कंट्रोल सिस्टम (AWACS), अन्य मिसाइल (BARAK-8)** आदि कई तरह के उपकरण खरीदे हैं। **इज़राइल की ड्रिप वाटर तकनीक और बहुपक्षीय I2U2**

## भारत-संयुक्त अरब अमीरात (UAE) संबंध

- **UAE ने BIT; CEPA परिषद; रणनीतिक साझेदारी पर 2015 में हस्ताक्षर किए।**
- **दोनों देशों के बीच सहयोग के प्रमुख क्षेत्रक**
  - UAE भारत का तीसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार (2022-23) और दूसरा सबसे बड़ा निर्यात गंतव्य है।
  - भारत में UAE का निवेश लगभग 20-21 बिलियन अमेरिकी डॉलर है;
  - दोनों देश ब्रिक्स एवं I2U2 जैसे अलग-अलग मंचों का हिस्सा हैं;
  - UAE में 3.5 मिलियन से अधिक भारतीय लोग रहते हैं।

## भारत-सऊदी अरब संबंध

- भारत के कुल व्यापार में सऊदी अरब के साथ व्यापार का **हिस्सा 4.53 प्रतिशत** था; भारत अपना 11.4% से अधिक कच्चा तेल सऊदी अरब से आयात करता है; **50 बिलियन डॉलर की वेस्ट कोस्ट रिफाइनरी परियोजना** का शीघ्र कार्यान्वयन।

## भारत-खाड़ी सहयोग परिषद (GCC) संबंध

- **GCC के बारे में:** सऊदी अरब, यूएई, ओमान, कुवैत, कतर और बहरीन; **भारत के तेल आयात में लगभग 35% और गैस आयात में 70%** का योगदान देते हैं; GCC वर्तमान में भारत का सबसे बड़ा ब्लॉक ट्रेडिंग पार्टनर, जिसका द्विपक्षीय व्यापार लगभग 184 बिलियन अमेरिकी डॉलर है।

## भारत- मध्य एशिया संबंध

- **मध्य एशिया:** चारों ओर से **स्थल-रुद्ध** पांच देश- **कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान, तुर्कमेनिस्तान और उज्बेकिस्तान; तीसरी ईसा पूर्व से 15वीं ईस्वी** तक सिल्क रोड पर **वस्तु व्यापार, विचारों का आदान-प्रदान।**
- **समन्वय के क्षेत्र:** तापी (तुर्कमेनिस्तान-अफगानिस्तान-पाकिस्तान-भारत: TAPI) गैस पाइपलाइन; कजाकिस्तान और उज्बेकिस्तान के साथ यूरेनियम आपूर्ति समझौता; बहुपक्षीय संगठन: SCO और कॉन्फ्रेंस ऑन इंटरेक्शन एंड कॉन्फिडेंस-बिल्डिंग मेजर्स इन इंडिया (CICA) आदि।

## भारत-दक्षिण कोरिया संबंध


- **2023 में दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार:** 24.4 बिलियन अमेरिकी डॉलर था।
- **दक्षिण कोरिया की नई न्यू सदर्न पॉलिसी (NSP)** कोरिया के अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक पोर्टफोलियो में विविधता लाने का प्रयास करती है जिससे भारत को लाभ हो सकता है।

## भारत और इंडोनेशिया संबंध

- इंडोनेशिया **आसियान क्षेत्र में भारत का सबसे बड़ा व्यापार भागीदार** है; वित्त वर्ष 2022-23 में **दोनों देशों के बीच कुल 38.85 बिलियन अमरीकी डॉलर का द्विपक्षीय व्यापार** हुआ था।
- **समुद्री कनेक्टिविटी को बढ़ावा देना:** क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और विकास **(SAGAR) पहल** के तहत, भारत विशेष रूप से **इंडोनेशिया के आचे (Aceh) में सबांग बंदरगाह** के अवसंरचना संबंधी विकास में मदद कर रहा है; यह **भारत को मलक्का जलडमरूमध्य तक आसान** पहुंच प्रदान करेगा।

## दक्षिण चीन सागर

- **वैश्विक व्यापार का 60% से अधिक हिस्सा इसी क्षेत्र के माध्यम से संपन्न होता** है। हिंद-प्रशांत क्षेत्र के साथ होने वाला **भारत का लगभग 55% व्यापार दक्षिण चीन सागर के माध्यम से ही संपन्न होता** है।
- **नाइन-डैश लाइन:** यह एक **यू-आकार की रेखा** है। इसे पहली बार **1940 के दशक में चीन द्वारा मानचित्र पर दर्शाया** था। यह रेखा **दक्षिण चीन सागर के क्षेत्र पर चीन के तथाकथित दावे का प्रतिनिधित्व** करती है। इसके अनुसार, **दक्षिण चीन सागर का लगभग 90% हिस्सा 'नाइन-डैश लाइन' के अंतर्गत** आता है।



## भारत-अमेरिका संबंध

- **द्विपक्षीय व्यापार: 118.42 बिलियन डॉलर;** चीन के बाद अमेरिका भारत का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है (2023-24)।
- **सहयोग के क्षेत्र:** संयुक्त राष्ट्र, आसियान, G20, IMF, क्वाड, I2U2, लोकतंत्र के लिए शिखर सम्मेलन; इंडिया-अमेरिका डिफेंस एक्सीलरेशन इकोसिस्टम (INDUS-X), LEMOA/लेमोआ, कॉमकासा, BECA पर हस्ताक्षर; iCET (महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकियों पर पहल), निसार/ NISAR; ISA, CDRI

## भारत-कनाडा संबंध

- **हाल के कुछ घटनाक्रम:** कनाडा ने दावा किया था कि उसकी धरती पर खालिस्तान समर्थक एक अलगाववादी नेता की हत्या में भारतीय एजेंट शामिल थे।
- **प्रवासी भारतीय: कनाडा की कुल आबादी के 3 प्रतिशत से अधिक है।**
- 2022 में वस्तुओं और सेवाओं में द्विपक्षीय व्यापार क्रमशः लगभग **9.9 बिलियन डॉलर और 6.5 बिलियन डॉलर** था।

## भारत-लैटिन अमेरिका संबंध

- भारत के कुल आयात का **लगभग 3% हिस्सा LAC (लैटिन अमेरिका और कैरिबियन)** से आता है और भारत के आयात स्रोतों में इसका **स्थान 8वां** है।
- **द्विपक्षीय व्यापार: 2022 में लगभग 49 बिलियन अमेरिकी डॉलर**
- **निवेश:** इस क्षेत्र में भारत का निवेश लगभग **16 बिलियन अमेरिकी डॉलर** है।
- **व्यापार:** मर्कोसुर/ MERCOSUR के साथ **अधिमान्य व्यापार समझौता (PTA)।**

## भारत-ब्राजील

- वर्ष 2023 **ब्राजील और भारत के बीच कूटनीतिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ सहित IBSA/ इब्सा (भारत-ब्राजील-दक्षिण अफ्रीका) मंच की 20वीं वर्षगांठ** का भी प्रतीक है।
- दोनों **देशों ने G-4 और L.69 के फ्रेमवर्क** पर मिलकर कार्य करने का फैसला किया है।
- 2021 में भारत, ब्राज़ील का **पांचवां सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार** देश था।

## भारत-यूरोपीय संघ संबंध

- **द्विपक्षीय व्यापार:** 2022-23 में दोनों के मध्य **द्विपक्षीय व्यापार 135 बिलियन अमेरिकी डॉलर** का था। यूरोपीय संघ भारत के लिए FDI का सबसे बड़ा स्रोत है (107 बिलियन डॉलर)
- **सहयोग के क्षेत्र:** EU, संयुक्त राज्य अमेरिका के बाद भारतीय निर्यात के लिए दूसरा सबसे बड़ा गंतव्य; बहुपक्षवाद और नियम आधारित व्यवस्था की रक्षा करना; यूरोपीय संघ की इंडो-पैसिफिक रणनीति इस क्षेत्र में भारत के लक्ष्यों के करीब है; स्वच्छ ऊर्जा और जलवायु भागीदारी की सहायता से एक सतत अर्थव्यवस्था में बदलाव को सुविधाजनक बनाना।

## भारत-रूस संबंध

- **द्विपक्षीय व्यापार:** वित्त वर्ष 2023-24 में दोनों देशों के बीच **द्विपक्षीय व्यापार 65 बिलियन डॉलर** था। वर्ष 2025 के लिए दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार का लक्ष्य **30 बिलियन डॉलर** निर्धारित किया गया है।
  - दोनों देशों ने **2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ाकर 100 बिलियन अरब डॉलर** करने का लक्ष्य निर्धारित किया है।
- **भारत-रूस सहयोग के प्रमुख क्षेत्र:** भारत के प्रधान मंत्री और रूसी राष्ट्रपति के बीच वार्षिक शिखर सम्मेलन; कुडनकुलम परमाणु ऊर्जा संयंत्र (KKNPP); चेन्नई-व्लादिवोस्तोक पूर्वी समुद्री गलियारा, INSTC; इसरो और रॉस्कोस्मोस के बीच बढ़ती साझेदारी।

## रूस-चीन संबंध और भारत पर प्रभाव

- चीन और रूस **"नए युग के लिए समन्वय की व्यापक रणनीतिक साझेदारी"** को मजबूत बनाने पर सहमत हुए हैं।
- दोनों पक्षों ने रूस-यूक्रेन युद्ध से पहले **"नो लिमिट्स" रणनीतिक साझेदारी** पर हस्ताक्षर किए।
- चीन, **रूस के लिए को "दोहरे उपयोग वाली" वस्तुओं का सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता** है।
- चीन, **रूस का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार** देश बन गया है। 2023 में दोनों देशों के बीच **240 बिलियन डॉलर से अधिक** का द्विपक्षीय व्यापार हुआ था।

## उत्तरी समुद्री मार्ग (NSR)

- उत्तरी समुद्री मार्ग (NSR), **आर्कटिक महासागर के पूर्वी और पश्चिमी भागों को जोड़ता है। इसे 'पूर्वोत्तर जलमार्ग (Northeast Passage: NEP)'** भी कहा जाता है।
- NSR **बैरेंट्स सागर** से (नार्वे से लगती रूसी सीमा के नजदीक से) आरंभ होकर **बेरिंग जलसंधि** (साइबेरिया और अलास्का के बीच) तक जाता है।




## भारत-यूक्रेन संबंध

- **"यूक्रेन में शांति पर शिखर सम्मेलन"** की मेजबानी स्विट्जरलैंड द्वारा की गई।
- भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने **शिखर सम्मेलन में भाग लिया, लेकिन शिखर सम्मेलन के नतीजे के रूप में किसी भी विज्ञप्ति/ दस्तावेज से स्वयं को अलग रखा।**
- भारत **वार्ता और कूटनीति** के माध्यम से रूस-यूक्रेन संघर्ष के **शांतिपूर्ण समाधान का समर्थन करता** है।

## भारत-फ्रांस संबंध

- **भारत और फ्रांस 1998 में रणनीतिक साझेदार बने थे;** फ्रांस शीर्ष 11 विदेशी निवेशकों में से एक है।
- **सहयोग के क्षेत्र:** राफेल विमानों की खरीद और स्कॉर्पीन पनडुब्बियों (P-75 प्रोजेक्ट) के अनुबंध पर हस्ताक्षर; तृष्णा और मेघा ट्रॉपिक्स उपग्रह; दोनों देश हिंद-प्रशांत क्षेत्र से जुड़े हुए हैं।

## भारत-यूनाइटेड किंगडम (UK) संबंध

- **2021 में दोनों देशों ने व्यापक रणनीतिक साझेदारी** पर हस्ताक्षर किए; दोनों देशों के मध्य वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान **36.3 बिलियन पाउंड का व्यापार** हुआ था।

## भारत-इटली संबंध

- **आर्थिक संबंध:** इटली यूरोपीय संघ में भारत का **चौथा सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार** है।
- 2022-23 में दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार 14.25 बिलियन अमेरिकी डॉलर था। इसमें **व्यापार संतुलन भारत के पक्ष** में रहा था।
- **रक्षा संबंध: भारत-इटली सैन्य सहयोग समूह (MCG)** दोनों देशों के बीच **रक्षा सहयोग को बढ़ावा** देने के लिए स्थापित एक मंच है। भारत और इटली ने 2023 में **रक्षा सहयोग समझौते** पर हस्ताक्षर किए थे।

## भारत-ग्रीस संबंध

- **द्विपक्षीय व्यापार:** 2 बिलियन डॉलर।
- **भारत-ग्रीस संबंध रणनीतिक साझेदारी तक बढ़ाए गए।**

## भारत नॉर्डिक संबंध

- डेनमार्क, नॉर्वे, स्वीडन, फिनलैंड और आइसलैंड; इन देशों की संयुक्त GDP का आकार 1.6 ट्रिलियन डॉलर है, इन देशों की प्रति व्यक्ति आय 54,000 डॉलर है; 2018-19 से 2022-23 के दौरान नॉर्डिक क्षेत्र में भारत से किए जाने वाले निर्यात में **39% से अधिक की वृद्धि हुई** है।
- **सहयोग के क्षेत्र:** नीली अर्थव्यवस्था; भारत-नॉर्डिक शिखर सम्मेलन; आर्कटिक शिखर सम्मेलन; UNSC और NSG के लिए भारत का समर्थन।

## भारत-ऑस्ट्रेलिया संबंध

- **द्विपक्षीय व्यापार: 27 बिलियन डॉलर;** वित्त वर्ष 2023 में भारत, ऑस्ट्रेलिया का 9वां सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार देश और ऑस्ट्रेलिया, भारत का 13वां सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार देश था।
- **भारत शीर्ष स्तरीय सुरक्षा साझेदार;** AUSINDEX

## भारत-ऑस्ट्रेलिया आर्थिक सहयोग और व्यापार समझौता (INDAUS ECTA)

- **भारत से** ऑस्ट्रेलिया को निर्यात की जाने वाली **100% वस्तुओं को ऑस्ट्रेलिया में तरजीही बाजार पहुंच का लाभ** प्राप्त होगा।
- इसी तरह ऑस्ट्रेलिया से आयात की जाने वाली **70% से अधिक वस्तुओं को भारत में प्रशुल्क छूट के रूप में तरजीही बाजार पहुंच** प्राप्त होगी।
- इस समझौते में **उत्पत्ति के नियम (Rules of Origin), सेनेटरी और फाइटोसैनिटरी (SPS) उपाय, विवाद निपटान तंत्र, नेचुरल पर्सन्स (पेशेवरों) की आवाजाही** जैसे क्षेत्र भी शामिल हैं।

## भारत-अफ्रीका संबंध

- **2023 में** अफ्रीका में भारतीय निवेश **98 बिलियन डॉलर तक** तथा कुल व्यापार **100 बिलियन डॉलर** तक पहुंच गया; भारत अफ्रीका में **पांचवां सबसे बड़ा निवेशक है; भारतीय प्रधान मंत्री द्वारा बताए गए 10 मार्गदर्शक सिद्धांत।**
- **सहयोग के क्षेत्र:** AU का G-20 में शामिल होना; मिस्र और इथियोपिया का ब्रिक्स में शामिल होना; 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना करके 200 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचाना और एशिया अफ्रीका ग्रोथ कॉरिडोर (AAGC); ITEC+DIKSHA; ISA


## भारत-मॉरीशस संबंध

- मॉरीशस की जनसंख्या में **लगभग 70% लोग भारतीय मूल के हैं, इसलिए** मॉरीशस को 'लिटिल इंडिया" भी कहते हैं। **2011 में CECPA पर हस्ताक्षर; वाकाशियो दुर्घटना।**
- **सहयोग के क्षेत्र:** DTAA पर हस्ताक्षर किए गए; मॉरीशस से 161 बिलियन अमेरिकी डॉलर का FDI प्राप्त किया; भारत मॉरीशस के सबसे बड़े व्यापारिक भागीदारों में से एक रहा है; भारत ने मॉरीशस को हेलीकॉप्टर की आपूर्ति की।

# भारत के हितों पर विकसित तथा विकासशील देशों की नीतियों और राजनीति का प्रभाव (Effect of Policies and Politics of Developed and Developing Countries on India's Interests)

## बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव - दसवीं वर्षगांठ

- बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव, **चीन के नेतृत्व में एक विशाल अवसंरचना प्रोजेक्ट** है।
- इस प्रोजेक्ट के तहत **भूमि और समुद्री रूट नेटवर्क के माध्यम से एशिया को अफ्रीका तथा आगे यूरोप से जोड़ने** की योजना बनाई गई है।
- **BRI की प्रतिक्रिया में शुरू की गई प्रमुख पहलें**
  - **भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा (IMEC) पहल**
  - **अंतर्राष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारा (INSTC)**
  - **एशिया अफ्रीका ग्रोथ कॉरिडोर (AAGC)**
  - **पार्टनरशिप फॉर ग्लोबल इंफ्रास्ट्रक्चर एंड इन्वेस्टमेंट' (PGII)**




## चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा

- यह **अवसंरचना परियोजनाओं** से संबंधित एक **3,000 किलोमीटर लंबा मार्ग** है। यह गलियारा **चीन के उत्तर-पश्चिमी शिनजियांग उइगर स्वायत्त क्षेत्र और पाकिस्तान के पश्चिमी प्रांत बलूचिस्तान में स्थित ग्वादर बंदरगाह** को जोड़ता है।
- यह भारतीय क्षेत्र **गिलगित-बाल्टिस्तान** से होकर गुजरता है।




## नाटो यानी उत्तर अटलांटिक संधि संगठन

- **स्वीडन** आधिकारिक तौर पर नाटो में शामिल होने वाला **32वां** सदस्य बन गया है।
- **उपलब्धियां:** शीत युद्ध के दौरान तनावपूर्ण शांति बनाए रखी; यूक्रेन में रूसी कार्रवाइयों की सार्वजनिक रूप से निंदा की; नाटो ने भूमध्य सागर को सुरक्षित और संरक्षित बनाने में योगदान दिया।
- नाटो की **खुले द्वार की नीति** (अनुच्छेद 10)

## ऑकस (AUKUS)

- यह **संयुक्त राज्य अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम और ऑस्ट्रेलिया** के बीच एक **त्रिपक्षीय सुरक्षा साझेदारी** है।
- **AUKUS साझेदारी दो स्तंभों पर आधारित है:**
  - **पिलर-I:** इसमें **पारंपरिक हथियारों से युक्त और परमाणु ऊर्जा से संचालित पनडुब्बियों** का विकास शामिल है।
  - **पिलर-II:** इसमें **उन्नत क्षमता विकास** शामिल है।

# महत्वपूर्ण अंतर्राष्ट्रीय संस्थान, एजेंसियां और मंच, उनकी संरचना, अधिदेश (IMPORTANT INTERNATIONAL INSTITUTIONS, AGENCIES, AND FORA, THEIR STRUCTURE, MANDATE)

## बदलते समय में वैश्विक संस्थाएं

- प्रमुख वैश्विक संस्थाएँ जैसे संयुक्त राष्ट्र प्रणाली, विश्व व्यापार संगठन, अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक (WB)।
- **प्रासंगिकता:** अद्वितीय सदस्यता; वैश्विक शांति का संरक्षक; अंतर्राष्ट्रीय क़ानून के स्रोत और नियामक; वैश्विक वित्तीय स्थिरता; वैश्विक विकास की रुपरेखा।

## भारत और बहुपक्षीय विकास बैंक

- ये **अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय संस्थान** हैं, जो विकासशील देशों को वित्तीय और तकनीकी सहायता प्रदान करते हैं। उदा. **विश्व बैंक समूह, एशियाई विकास बैंक** आदि।
- इन बैंकों का स्वामित्व सदस्य देशों के पास होता है और ये वैश्विक स्तर पर काम करते हैं। इनका लक्ष्य सदस्य देशों में आर्थिक विकास को बढ़ावा देना, गरीबी कम करना और संधारणीय विकास का समर्थन करना होता है।

## संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद

- भारत **संयुक्त राष्ट्र का संस्थापक सदस्य है** और इसने **8 बार UNSC** के अस्थायी सदस्य के रूप में कार्य किया है।
- **UNSC में भारत का योगदान:** भारत ने अपने कार्यकाल के दौरान 'तालिबान तथा लीबिया प्रतिबंध समितियों' और UNSC की 'आतंकवाद-रोधी समिति' की अध्यक्षता की; मानवाधिकारों की सार्वभौम घोषणा (UDHR) को तैयार करने में योगदान; संयुक्त राष्ट्र में रंगभेद का मुद्दा उठाएं; सबसे बड़ा UNPKF; CCIT के G77 प्रारूपण की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## भारत और संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना

- **संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना के सिद्धांत:** पक्षकारों की सहमति, निष्पक्षता और आत्मरक्षा तथा जनादेश की रक्षा के अलावा बल का प्रयोग न करना।
- **संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना में भारत का योगदान**
  - भारत ने शांति स्थापना मिशनों में 2,87,000 के आस-पास सैनिकों की सेवाएं प्रदान की हैं।
  - भारत लैंगिक शोषण और दुर्व्यवहार पर ट्रस्ट फंड में योगदान देने वाला पहला देश था।
  - भारत द्वारा शुरू किया गया "ग्रुप ऑफ फ्रेंड्स"

## संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (UNHRC)

- इस परिषद में **47 सदस्य देश** हैं।
- **सीटों का समान भौगोलिक वितरण**
- मानवाधिकार उल्लंघन की जांच करने के लिए **अंतर्राष्ट्रीय जांच आयोग और तथ्य-खोज मिशन** स्थापित किया गया है।
- भारत को **UNHRC (2022-24) में 6वें कार्यकाल के लिए फिर** से चुना गया।

## अंतर्राष्ट्रीय समुद्र संगठन

- इसकी स्थापना 1948 में **IMO कन्वेंशन** को अपनाने के बाद हुई थी। यह **संयुक्त राष्ट्र की एक विशेष एजेंसी** है।
- IMO ने **SOLAS कन्वेंशन, 1974** को अपनाया है।

## भ्रष्टाचार के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र कन्वेंशन (UNCAC)

- UNCAC पर **9 दिसंबर, 2003 को मेक्सिको** में हस्ताक्षर किए गए थे। यह कन्वेंशन **2005 में लागू** हुआ था।
- यह **भ्रष्टाचार के खिलाफ कानूनी रूप से बाध्यकारी एकमात्र सार्वभौमिक कन्वेंशन** है।
- इसमें **भ्रष्टाचार के अलग-अलग रूप** शामिल हैं। इनमें **रिश्वतखोरी, किसी के प्रभाव में आकर कार्य करना, पद का दुरुपयोग और निजी क्षेत्र में भ्रष्टाचार की विविध गतिविधियां** शामिल हैं।

## अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (ICC)


- यह **पहला अंतर्राष्ट्रीय स्थायी न्यायालय है** जो गंभीर अंतर्राष्ट्रीय अपराधों के आरोपी व्यक्तियों की जांच करता है और उन पर अभियोग चलाता है।
- ICC की संस्थापक संधि को **रोम संविधि** के रूप में जाना जाता है। यह ICC को **4 मुख्य अपराधों** के संदर्भ में अधिकार-क्षेत्र प्रदान करता है।
- **सदस्यता:** ICC की रोम संविधि के पक्षकार देशों की संख्या **124 है।**

## जेनोसाइड कन्वेंशन

- **नाम:** इसे आधिकारिक तौर पर **"नरसंहार के अपराध की रोकथाम और सजा पर कन्वेंशन, 1948"** के नाम से जाना जाता है।
- इसमें पहली बार **नरसंहार के अपराध को संहिताबद्ध** किया गया था; यह **संयुक्त राष्ट्र महासभा** द्वारा अपनाई गई **पहली मानवाधिकार संधि भी है।**
- **भारत ने संधि पर हस्ताक्षर किए हैं।**
- अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय (ICJ) कन्वेंशन की व्याख्या एवं इसके प्रवर्तन से संबंधित मामलों की सुनवाई करता है।

# VISION IAS
INSPIRING INNOVATION

## OUR ACHIEVEMENTS




**LIVE/ONLINE Classes Available**

**www.visionias.in**



# Foundation Course
# GENERAL STUDIES
## PRELIMS cum MAINS 2025

**DELHI:** 12 AUG, 9 AM | 14 AUG, 1 PM | 17 AUG, 5 PM
27 AUG, 9 AM | 29 AUG, 1 PM | 31 AUG, 5 PM

**GTB Nagar Metro (Mukherjee Nagar):**
30 AUG, 5:30 PM | 19 JULY, 8:30 AM

**AHMEDABAD:** 20 AUG | **BENGALURU:** 21 AUG | **BHOPAL:** 5 SEPT | **CHANDIGARH:** 9 SEPT

**HYDERABAD:** 29 AUG | **JAIPUR:** 21 AUG | **JODHPUR:** 11 JULY | **LUCKNOW:** 5 SEPT | **PUNE:** 5 JULY

# फाउंडेशन कोर्स सामान्य अध्ययन 2025

▶ प्रारंभिक, मुख्य परीक्षा और निबंध के लिए महत्वपूर्ण सभी टॉपिक का विस्तृत कवरेज

**DELHI:** 22 अगस्त, 1 PM | 18 जुलाई, 1 PM | **BHOPAL:** 23 जुलाई | **LUCKNOW:** 18 जुलाई | **JAIPUR:** 16 अगस्त | **JODHPUR:** 11 जुलाई

Scan the QR CODE to download VISION IAS App. Join official telegram group for daily MCQs & other updates.

/visionias.upsc | /c/VisionIASdelhi | /c/VisionIASdelhi | /t.me/s/VisionIAS_UPSC


**DELHI:** HEAD OFFICE: 1st floor, Apsara Arcade, Near Gate-7 Karol Bagh Metro Station, 1/8 b, Pusa Road, Karol Bagh, Delhi – 110005 | CONTACT: 8468022022, 9019066066

AHMEDABAD | BENGALURU | BHOPAL | CHANDIGARH | GUWAHATI | HYDERABAD | JAIPUR | JODHPUR | LUCKNOW | PRAYAGRAJ | PUNE | RANCHI

Heartiest
# Congratulations
to all Successful Candidates

**79** in **TOP 100** Selections in **CSE 2023** from various programs of **Vision IAS**


1 AIR
**Aditya Srivastava**


2 AIR
Animesh Pradhan


5 AIR
Ruhani


6 AIR
Srishti Dabas


7 AIR
Anmol Rathore


9 AIR
Nausheen


10 AIR
Aishwaryam Prajapati

## हिंदी माध्यम में 35+ चयन CSE 2023 में

हिंदी माध्यम टॉपर


53 AIR
मोहन लाल


136 AIR
अर्पित कुमार


238 AIR
विपिन दुबे


257 AIR
मनीषा धार्वे


313 AIR
मयंक दुबे


517 AIR
देवेश पाराशर

## UPSC TOPPERS/OPEN SESSION: QR स्कैन करें

53 AIR मोहन लाल — TOPPERS' TALK

AIR 136 अर्पित कुमार — TOPPERS' TALK

विगत वर्षों में UPSC मेन्स में पूछे गए प्रश्न

UPSC मेन्स 2024 के लिए व्यापक रणनीति

DELHI

**HEAD OFFICE**
Apsara Arcade, 1/8-B 1st Floor, Near Gate-6 Karol Bagh Metro Station

**MUKHERJEE NAGAR CENTER**
Plot No. 857, Ground Floor, Mukherjee Nagar, Opposite Punjab & Sindh Bank, Mukherjee Nagar

**GTB NAGAR CENTER**
Classroom & Enquiry Office, above Gate No. 2, GTB Nagar Metro Building, Delhi - 110009

**FOR DETAILED ENQUIRY**
Please Call: +91 8468022022, +91 9019066066

enquiry@visionias.in | /@visionias hindi | /visionias.upsc | /vision_ias_hindi/ | /hindi_visionias

अहमदाबाद | बेंगलूरु | भोपाल | चंडीगढ | दिल्ली | गुवाहाटी | हैदराबाद | जयपुर | जोधपुर | लखनऊ | प्रयागराज | पुणे | रांची